# फैमली टाइम्स

RNI NO : PUNMUL/2009/2902 | 30, JUNE , 2025 | PAGES : 15 | E-PAPER


# IND vs ENG: बर्मिंघम में भारतीय टीम को पहली जीत की तलाश, आठ में से 7 मैचों में मिली है हार, एक रहा ड्रॉ



बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले हैं जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। दो अन्य जिन पर जीत नहीं मिली है, उनमें मैनचेस्टर और साउथम्पटन शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती है। दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में दो जुलाई से खेला जाएगा। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की है।


HOLISTIC VASTU
CONSULTANTS
Vastu
Dosha
Correction
Without any
Remedies
First
Phone
Advice
Free
Scientific Vastu Shastra
Consultant since 2012.
13+ years experience.
SERVICES
✓ VASTU FOR HOME
✓ VASTU FOR OFFICE
✓ VASTU FOR HOTELS
✓ VASTU FOR FACTORY
✓ VASTU FOR PLOTS
Sonam Sandhu
+91-93502-71012
www.vastushastraconsultant.com

# चंडीगढ़ में बरसात: हाउसिंग बोर्ड से पंचकूला जाने वाली मुख्य सड़क धंसी, कई वाहन फंसे; सड़क बंद



सुबह-सुबह अचानक वाहन फंसने से काफी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ वाहन तो बहुत बुरी तरह इस सड़क के बीच में जाकर फंस गए थे, जिसको देखते हुए बाद में पंचकूला को जाने वाली इस सड़क को बंद कर दिया गया। मनीमाजरा में हाउसिंग बोर्ड चौराहे से पंचकूला जाने वाली मुख्य सड़क शुक्रवार रात को बरसात के कारण धंस गई। इसमें वाहन फंसने लगे। दरअसल सड़क खोद कर कुछ समय पहले पाइप लाइन डाली गई थी, हालांकि खोदी गई सड़क की रिपेयर कर दी गई थी। लेकिन शुक्रवार रात को हुई बरसात के कारण वह जगह धंस गई और उसमें वाहन फंसना शुरू हो गए थे।

# BALAJI AUTOS

## CAR REPAIR SERVICES

Get your car fixed right the first time with our certified and experienced car repair technicians.



### Our Services

- Wheel Alignment
- Washing Drycleaning
- Denting - Painting
- Car Scanning
- Apollo Tyers Available
- Insurance of Car Bike
- Car Fitness Certificate




Bmw,Audi, Mercedes,Maruti, Hyundai,Honda,Gm,Kia,Skoda,VW

**BALAJI AUTOS**

Plot No. 37, Main Road, Sec- 42, Attawa, Chd 9646952897

# बुडैल जेल में जीवन धारा इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट शुरू, कैदियों को मिलेगा ITI करने का मौका



बुडैल जेल देश की उन जेलों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे कैदी हैं। पिछले पांच साल में करीब 300 कैदी इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से पढ़ाई कर चुके हैं। बुडैल जेल के कैदी अब जेल में रहकर ही दो साल की आईटीआई कर सकेंगे। यह पहल आईजी जेल पुष्पेंद्र कुमार की ओर से की गई है। कैदियों के पुनर्वास और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए जेल परिसर में ही जीवन धारा इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोला गया है। इस संस्थान के प्रिंसिपल जेल डीएसपी प्रमोद खत्री होंगे। फिलहाल कारपेंट्री और सिलाई कोर्स से शुरुआत की गई है। महिलाएं सिलाई कोर्स कर सकेंगी जबकि पुरुष कैदी दोनों कोर्स कर पाएंगे। जेल में क्लासरूम तैयार किए गए हैं जहां रोजाना आईटीआई की कक्षाएं लगेंगी। दो साल का कोर्स पूरा करने पर संस्थान की ओर से मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, जिससे रिहाई के बाद कैदी नौकरी कर सकें।

# संजीव अरोड़ा ने ली विधायक पद की शपथ, लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मिली थी जीत; मंत्री बनना भी तय



संजीव अरोड़ा ने 10,637 मतों के अंतर से लुधियाना पश्चिम उपचुनाव पर जीत दर्ज की थी और कांग्रेस के प्रत्याशी भारत भूषण आशु को मात दी थी। अरोड़ा का मंत्री बनना भी तय है, क्योंकि सीएम मान इसे लेकर घोषणा कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी से लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर उपचुनाव जीतने वाले संजीव अरोड़ा ने आज शपथ ली। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने उन्हें विधायक पद की शपथ दिलाई। इस दौरान वित्तमंत्री हरपाल चीमा, मंत्री अमन अरोड़ा और पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया मौजूद रहे।

# पीजीआई इमरजेंसी: जहां गलियारों में चल रहा इलाज, घंटों का इंतजार... रात को आए तो डॉक्टर की फटकार भी

अमर उजाला ने रात पीजीआई के इमरजेंसी और उसके बाहर 3 घंटे (रात 10.15 से लेकर 1.15 बजे तक ) तक मरीजों के बीच में रहकर मिलने वाले इलाज की हकीकत जानी। तारीख 27 जून। रात 11.40 बजे। पीजीआई का इमरजेंसी वार्ड। पंजाब के संगरुर जिले से सुलोचला देवी को उनके परिवार वाले लेकर आते हैं। अंदर जाते समय गार्ड का कहना है कि केवल दो लोग मरीज के साथ जाएंगे। हालांकि तीन लोग अंदर पहुंचते है। पर्चा बनवाने के लिए पहुंचते हैं तो पता चलता है कि लाइन में लगना पड़ेगा। पांच लोग पहले से लगे हैं। 20 मिनट बाद पर्चा तो बन जाता है, उस दौरान मरीज ऐसे ही बेहोश पड़ी हुई है। सुलोचना का इलाज तकरीबन एक घंटे बाद भी नहीं शुरू हो पाता है। ऐसे एक नहीं कई मरीज पीजीआई के इमरजेंसी में मिले जिनका न तय वक्त पर इलाज मिल



# चंडीगढ़ में बरसात: सौ एमएम बारिश से बिगड़े हालात, घरों में घुसा पानी; मोहाली-पंचकूला में भी लोग परेशान




एक बारिश ने ही नगर निगम और प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। सेक्टर 26 स्थित पुलिस लाइन के सामने की सड़क पर पिछले कई दिनों से काम चल रहा था,जहां पर ठीक से मिट्टी नहीं डाली गई, जिसकी वजह से बारिश में कई गाड़ियां आज सुबह उसमें धंस गई। अब तक 100 एमएम से ज्यादा पानी बरस चुका है। तेज बारिश की वजह से शहर के कई चौक चौराहों पर पानी भर गया। कॉलोनी के अंदर ज्यादा बुरा हाल है। सेक्टर 22/23 की डिवाइडिंग रोड पर सेक्टर 22 की तरफ एक बड़ा पेड़ घर की पिछली दीवार पर गिर गया, जिसकी वजह से घर की दीवार पूरी तरह टूट गई। पेड़ इतना बड़ा था कि घर के पीछे बने एक बाथरूम के ऊपर भी गिरा है। जीएमसीएच के नवनिर्मित ट्रामा सेंटर जिसका अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है बारिश में स्थिति खराब हो गई है। संपर्क मार्ग पर जल जमाव हो गया है।

# एनएचपीसी ने आईओसीएल के साथ किया समझौता

एनएचपीसी ने भारत और विदेशों में संयुक्त उद्यम मोड में पंप स्टोरेज और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास तथा इन क्षेत्रों में नए अवसरों की खोज के लिए आईओसीएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनएचपीसी की ओर से कार्यपालक निदेशक (एसबीडीएंडसी) रजत गुप्ता और आईओसीएल की ओर से कार्यपालक निदेशक (एसडी) प्रवीण डोंगरे ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक आरके चौधरी, निदेशक (वित्त) आरपी गोयल, निदेशक (तकनीकी) सुप्रकाश अधिकारी, महाप्रबंधक (एसबीडीएंडसी) तथा आईओसीएल के निदेशक (पीएंडबीडी) सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।



# कलेक्टर रेट का 4 गुना देकर बिल्डर खरीद सकेंगे जमीन



हरियाणा सरकार ने बोर्ड, निगम, पंचायती राज संस्थाओं व स्थानीय निकाय संस्थाओं की जमीन खरीद प्रक्रिया सरल कर दी है। अब जमीन खरीद की मंजूरी की मुहर मुख्यमंत्री दे सकेंगे। इससे पहले उच्चाधिकार प्राप्त भूमि क्रय समिति इसे मंजूर करती थी, जिससे जमीन की खरीद-फरोख्त में काफी समय लग जाता था। अब सीधे मुख्यमंत्री इसकी मंजूरी दे सकेंगे। इस बारे में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की ओर से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक यदि कोई बिल्डर या निजी संस्था बोर्ड, निगम, पंचायती राज संस्थाओं व स्थानीय निकाय संस्था की जमीन को कलेक्टर रेट के चार गुना या पिछले साल उच्चतम दो सेल डीड का औसत जो भी अधिक हो, देने के लिए तैयार हैं तो संबंधित विभाग या स्थानीय प्राधिकरण (जो भी भूमि स्वामित्व एजेंसी है) मुख्यमंत्री की स्वीकृति से उचित निर्णय लिया जा सकता है।

# पराग के रॉ प्रमुख बनने से टूटेगी खालिस्तान समर्थक आतंकियों की कमर, पंजाब में नशे पर भी किया वार



पराग जैन के रॉ प्रमुख बनने से खालिस्तान समर्थक आतंकियों की कमर टूटेगी। पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी पंजाब के कई जिलों और चंडीगढ़ में सेवाएं दे चुके हैं। विदेश में फैले खालिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क को भी कमजोर किया। पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी पराग जैन का खालिस्तान समर्थक तत्वों पर काम उनके सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील ऑपरेशनों में से एक रहा है। खासकर विदेश में फैले खालिस्तान समर्थित नेटवर्क को कमजोर करने में उनकी भूमिका अहम रही है।

# काम्या कुमारी चंडीगढ़ स्टेट महिला शतरंज चैंपियन 2025 की विजेता बनी



काम्या कुमारी 2.5 अंकों के साथ चंडीगढ़ स्टेट महिला शतरंज चैंपियनशिप 2025 की चैंपियन बनीं। आयरा सिंह, शेरीन और समायरा तनेजा 2 अंकों के साथ दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। द चंडीगढ़ चेस एसोसिएशन की ओर से इस चैंपियनशिप का आयोजन श्री अरबिंदो स्कूल सेक्टर 27-ए में किया गया। विजेता खिलाड़ियों को डॉ. विपनेश भारद्वाज, पूर्व सचिव अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने पुरस्कार और ट्रॉफी दी। अंतिम राउंड के बाद अंक स्थिति

2.5 अंक: काम्या कुमारी

2 अंक: आयरा सिंह, शेरीन,समायरा तनेजा, प्रीशियस बंसल और दुसिका

1.5 अंक: समृद्धि बंसल

# अंजान नंबर से फोन आए तो उठाएं नहीं, कोई पैसे की मांग करे तो डरे नहीं, सूचना दें

पुलिस अंकल...मेरे फोन पर कई बार इंटरनेशनल वीडियो कॉल आती है... मैं क्या करूं। इसका जवाब देते हुए साइबर थाना में तैनात एसआई जगजीत सिंह ने कहा कि कभी भी किसी अनजान नंबर पर किए गए फोन को न उठाएं। अगर कोई वीडियो कॉल कर पैसे की मांग करते तो डरे नहीं तुरंत पुलिस को सूचना दें। इससे ठगी से बचा जा सकता है।



# पंचकूला में पहली बार होगा जिला गली क्रिकेट टूर्नामेंट, 180 टीमें दिखाएंगी दम

शहर में भी चंडीगढ़ की तर्ज पर पंचकूला में पहला जिला गली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 4 से 12 अक्तूबर तक पंचकूला जिले में स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (पंजीकृत) द्वारा आयोजित किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के चेयरमैन ज्ञानचंद गुप्ता ने बताया कि पंचकूला में जिला गली क्रिकेट टूर्नामेंट अटल ट्रॉफी के नाम से आयोजित होगा। टूर्नामेंट में जिले से 180 क्रिकेट टीमें भाग लेंगी।



# T20 World Cup: एक साल पहले आज ही के दिन भारत ने बारबाडोस में लहराया था तिरंगा, खिताबी सूखे को किया था समाप्त




यह महज एक खिताबी जीत नहीं थी, ये भारतीय टीम के इसके करोड़ों प्रशंसकों के लिए एक यादगार जीत थी जिसे भुलाया नहीं जा सकता। 17 साल बाद भारत ने रोहित शर्मा की अगुआई में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। इस जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की आंखे नम हो गईं थी। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 29 जून 2024 का दिन काफी यादगार है क्योंकि एक साल पहले इसी दिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। भारत ने बारबाडोस में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सूखे को समाप्त किया था और करोड़ों देशवासियों को खुश होने का मौका दिया था। रोहित की टीम ने बारबाडोस में तिरंगा लहराया था।